Ministry of Culture
Government of India

डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

आज़ादी का अमृत महोत्सव

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

## प्रेस विज्ञप्ति

# माननीय शिक्षा मंत्री ने साहित्य अकादेमी की बुक शॉप का किया भ्रमण

## बाल साहित्य के प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त किया

**नई दिल्ली 21 अगस्त 2023;** माननीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार श्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने आज साहित्य अकादेमी की बुक शॉप का भ्रमण किया। रवींद्र भवन पहुंचने पर उनका स्वागत साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने पुस्तक भेंट करके किया।

साहित्य अकादेमी की बुक शॉप का भ्रमण कराते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने उन्हें अकादेमी की प्रकाशन नीति और 24 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित महत्त्वपूर्ण प्रकाशनों के बारे में अवगत कराया। साहित्य अकादेमी के प्रकाशनों में गहरी रुचि दिखाते हुए माननीय शिक्षा मंत्री जी ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि साहित्य अकादेमी केवल बड़ों के लिए ही नहीं बल्कि बाल साहित्य भी प्रचुर मात्रा में प्रकाशित कर रही है। उन्होंने बच्चों के विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने बुक शॉप से कुछ किताबें भी खरीदी।

ज्ञात हो कि माननीय मंत्री जी साहित्य अकादेमी के सभागार में एक पुस्तक लोकार्पण समारोह में शामिल होने आए थे।

- के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in